मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

संपादक : छोटेलाल शर्मा

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2020-2022 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY

वर्ष - 10 संयुक्तांक - 11-12 मुंबई, सोमवार, दिनांक 12 से 18 दिसंबर 2022 पृष्ठ : 4 कीमत : 3 /- रुपये

## हिमाचल, दिल्ली में भाजपा की हार के साथ ही धीरे-धीरे बदलाव की शुरूआत - शरद पवार



**मुंबई :** गुजरात चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत होगी, इस बारे में किसी के भी मन में संदेह नहीं था। क्योंकि देश की सारी शक्ति उसी के लिए इस्तेमाल की गई थी। केंद्र ने गुजरात के लिए कई पैछसले लिए थे। महत्वपूर्ण और बड़े प्रोजेक्ट गुजरात में वैछसे आएंगे, इसका भी खयाल रखा गया इसलिए गुजरात का रिजल्ट भाजपा के पक्ष में रहा, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि देश की जनता के वोटों का प्रवाह एक दिशा में जाता है।

दिल्ली की जनता ने भाजपा के खिलाफ एक होकर मनपा चुनाव में दिखा दिया, ऐसा कहते हुए राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। एनसीपी के राज्य कार्यकारिणी की बैठक में मार्गदर्शन करते हुए शरद पवार ने गुजरात चुनाव परिणाम, सीमा विवाद, महाविकास आघाड़ी का प्रस्तावित मोर्चा आदि पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पिछले १५ वर्षों से दिल्ली मनपा पर भाजपा की सत्ता थी, अब नहीं रही। हिमाचल प्रदेश में भाजपा का शासन था। वहां कांग्रेस को सबसे ज्यादा सीटें मिली हैं। हिमाचल, दिल्ली में भाजपा की हार के साथ ही धीरे-धीरे बदलाव की शुरूआत हो गई है।

राजनीति खोखली होती है। गुजरात की कमी को भाजपा ने भरा और दिल्ली की कमी को केजरीवाल की 'आप' पार्टी ने भरा। शरद पवार ने यह भी कहा कि आज महाराष्ट्र में खालीपन है, एनसीपी के पास उस खालीपन का सामना करने और लोगों को एक विकल्प देने की ताकत है।

## मुंबई में पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के नाम पर ठगी...!




**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी क रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' र किताब लिखने के नाम पर लोगों ठगी करने वाले एक स्थानीय त्रकार के खिलाफ मुंबई पुलिस शनिवार को मामला दर्ज किया। आरोपित पत्रकार ने सोशल मीडिया क साथ-साथ कई नामी लोगों को पत्र लेखकर वित्तीय सहायता मांगी थी। लिस अधिकारी ने बताया कि एक 9 वर्षीय व्यक्ति इस झांसे में आ गया और उसने 4001 रुपये की राशि दान ी कर दी। मुंबई पुलिस ने बताया, आरोपित पत्रकार ये दावा कर रहा था कि वह मन की बात कार्यक्रम में ीएम मोदी द्वारा दिए गए भाषणों का ंकलन कर एक किताब लिखने जा हा है। साथ ही आरोपित का यह ी कहना था कि 'सार ग्रंथ' नाम की इस किताब को राष्ट्रपति अगले र्ष मार्च में लांच करेंगी। हालांकि, आरोपित पत्रकार को मन की बात के भाषणों को संकलित करने का ऐसा कोई अधिकार नहीं दिया गया है।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के बाद मुंबई के गोरेगांव पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

शिकायतकर्ता ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नाम का इस्तेमाल करते हुए सबको बताया हुआ है कि वह मन की बात के ऊपर सार ग्रंथ नाम से किताब प्रकाशित करने जा रहा है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि उक्त व्यक्ति द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तिवारी एवं अन्य द्वारा नई दिल्ली में 'सार ग्रंथ' प्रकाशित करने की झूठी जानकारी सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से ब्रोशर भेजकर दी जा रही है। इसकी एवज में वह चंदा इकट्ठा कर रहा है। आरोप है कि शिकायतकर्ता से भी 4001 रुपये की ठगी की गई है।

## कोर्ट ने पीछा करने के आरोपी को किया बरी

**मुंबई :** एक मजिस्ट्रेट अदालत ने एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर का एक महीने तक पीछा करने के आरोपी कालबादेवी के एक 32 वर्षीय व्यवसायी को बरी कर दिया. महिला का आरोप था कि 2019 में ये शख्स उसके करीब आकर 'गुड मॉर्निंग' कहता था. कोर्ट ने कहा कि आजकल इस तरह की गलतफहमी संभव है, क्योंकि ब्लूटूथ डिवाइस पर बात करने वाले कई लोगों को देखकर ये गलतफहमी होती है कि वे सड़क पर राहगीरों से बात कर रहे हैं. इसके अलावा महिला का यह कहना था कि आरोपी केवल सुबह समय उसका पीछा करता था, न कि कार्यालय से घर लौटते समय. खबर के मुताबिक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट यशश्री मारुलकर ने कहा कि अगर आरोपी का पीछा करने करने का इरादा होता तो वह कम से कम कभी-कभी कार्यालय से घर लौटते समय शाम के समय भी उसका पीछा करता. मजिस्ट्रेट ने कहा कि आरोपी का यह बचाव कि महिला को गलतफहमी हुई होगी, भरोसा करने लायक है. मजिस्ट्रेट ने कहा कि 'सुबह के इतने व्यस्त समय में फुटपाथ



पर किसी का पीछा करना असंभव है.' एक महीने तक एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर का पीछा करने के आरोपी कालबादेवी के व्यवसायी को बरी करते हुए मजिस्ट्रेट ने कहा कि सुबह के व्यस्त कार्यालय समय के दौरान, फुटपाथ पर चलने वाले किसी व्यक्ति का पीछा करना बेहद असंभव है.

पिछले हफ्ते के इस मामले में मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने जुगलकिशोर पाठक को बरी करते हुए कहा कि फुटपाथ पर चलते हुए और अपने सेल फोन का इस्तेमाल करते हुए लोग कॉल करने वाले व्यक्ति को 'गुड मॉर्निंग' कहते हैं. इसलिए यह साफ है कि ऐसा हो सकता है कि आरोपी के ऑफिस का समय और पास में स्थित राष्ट्रीय हिंदू होटल में लंच करने का समय एक हो सकते हैं.




डीजीआयपीआर आरओसी - २०२२-२३ क्र-५/C४५१०

## संपादकीय

# विराट हल्लाबोल मोर्चा!

महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले जैसे महापुरुषों का राज्यपाल और भाजपा नेताओं की तरफ से अपमान हो रहा है। इसके साथ ही भाजपा द्वारा इसकी बार-बार पुनरावृत्ति की जा रही है। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के उद्योगों को गुजरात में ले जाने का षड्यंत्र शुरू है। वहीं सीमावर्ती क्षेत्रों में मराठी भाषियों पर हमले हो रहे हैं। साथ ही महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों को चुराकर महाराष्ट्र को छिन्न-विच्छिन्न करने का प्रयास शुरू है। ऐसे महाराष्ट्र द्रोहियों के खिलाफ महाविकास आघाड़ी की तरफ से १७ दिसंबर को न भूतो न भविष्यति ऐसा विराट हल्लाबोल मोर्चा निकालने का दृढ़ निश्चय शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने व्यक्त किया। महाविकास आघाड़ी की तरफ से १७ दिसंबर को मुंबई में निकाले जानेवाले महामोर्चा की रणनीति बनाने के लिए महाविकास आघाड़ी के नेताओं, घटक और मित्र दलों की बैठक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार के आवास पर आयोजित हुई। इस बैठक के बाद महाविकास आघाड़ी की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि १७ दिसंबर को महाराष्ट्र द्रोहियों के खिलाफ हल्लाबोल किया जाएगा। उसके लिए महाप्रचंड व अतिविराट मोर्चा की शुरूआत भायखला के जीजामाता उद्यान से होगी, जो छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास समाप्त होगी। यह मोर्चा ने भूतो न भविष्यति वाला होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उद्धव ठाकरे ने तरह-तरह के सवालों के जवाब भी दिए। गुजरात के नतीजे के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार दिल्ली मनपा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में चुनाव हुए थे। तीनों जगहों पर भाजपा को जीत मिली थी। लेकिन इस बार दिल्ली में आप की जीत हुई है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत हुई और गुजरात में भाजपा को अभूतपूर्व सफलता मिली। इस सफतला के हकदार को हम अभिनंदन करते हैं। लेकिन गुजरात की इस जीत में महाराष्ट्र से लेकर गए उद्योगों का भी योगदान है। इसे किसी को नहीं भूलना चाहिए। पुणे के व्यापारी महासंघ ने भी इस मोर्चे को अपना समर्थन दिया है।

# अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग लड़की के साथ कई बार किया रेप

## एक 17 साल के लड़के को एक नाबालिग लड़की को ब्लैकमेल करके रेप करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया.



**मुंबई :** एक 17 वर्षीय लड़के को कथित तौर पर अपनी ही उम्र की एक लड़की की अश्लील तस्वीर वायरल करने की धमकी देकर कई बार बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है. उसको बाल सुधार गृह भेज दिया गया है. वह और पीड़िता एक ही मोहल्ले में रहते थे और एक-दूसरे को जानते थे. खार पुलिस ने बताया कि आरोपी ने एक किसिंग सेल्फी के जरिए किशोरी को ब्लैकमेल करने के बाद उसका रेप किया. मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को कहा कि लड़की और लड़का एक-दूसरे को जानते हैं और लड़के ने 10 अक्टूबर को बांद्रा के कार्टर रोड इलाके में अपना जन्मदिन मनाते हुए किस करते हुए दोनों की एक सेल्फी क्लिक की थी।

10 अक्टूबर से 26 नवंबर तक आरोपी ने इस सेल्फी को वायरल करने की धमकी देकर 17 वर्षीय किशोरी के साथ कई बार दुष्कर्म किया. इस घटना का पता तब चला जब वह हाल ही में उसके कॉलेज पहुंचा. इस बार लड़की ने उसके साथ बाहर जाने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की. लड़की के एक दोस्त ने उसके माता-पिता को इस हमले की घटना के बारे में बताया. इसके बारे में पूछे जाने पर लड़की ने अपनी आपबीती सुनाई.

जिसके बाद उसके परिजनों ने खेरवाड़ी पुलिस स्टेशन का दरवाजा खटखटाया. मगर यह घटना कार्टर रोड पर हुई थी, जो खार पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए मामला खार थाने में भेज दिया गया था. पुलिस अधिकारी ने बताया कि किशोर आरोपी को शुक्रवार को उसके घर से हिरासत में लिया गया. उस पर बलात्कार और अन्य अपराधों के लिए भारतीय दंड संहिता और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया. खार पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपी को डोंगरी बाल सुधार गृह भेज दिया गया है.

## महिला की अश्लील वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, आरोपी गिरफ्तार...!



**उत्तर प्रदेश :** कवर्धा थाना क्षेत्र में एक महिला की एडिटिंग की गई अश्लील वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। मामले में उत्तर प्रदेश के रहने वाले आरोपी को बलौदाबाजार (छग) से गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामला जुलाई 2021 का है। आरोपी रविन्द्र पिता ईमरत यादव (30) मूलतः ग्राम धौरा जिला ललितपुर (उप्र) का रहने वाला है। आरोपी ने रेंडमली नंबर डायल कर पीड़ित महिला से दोस्ती की। फिर अलग-अलग नंबर से कॉल कर उससे जान-पहचान बढ़ाई। शादी का झांसा देकर वीडियो कॉलिंग के जरिए उसकी तस्वीरें खींची और उसे एडिट कर अश्लील वीडियो बनाई।

# संजय शर्मा को मिला थाइलैंड में अवार्ड



फार्मास्युटिकल्स रॉयल इंटरनेशनल सोसायटी द्वारा 8 दिसंबर 2022 को बैंकॉक के गवर्नर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में संजय शर्मा को बेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर अवार्ड से नवाजा गया।

# ठाणे के डोंबिविली में मजदूर ने अधेड़ को लात मारकर उतारा मौत के घाट,

# थूकने को लेकर हुआ था विवाद

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के डोंबिविली में मामूली कहासुनी को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर ने 52 साथ के अधेड़ शख्स की कथित तौर लात मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को ये जानकारी दी। विष्णु नगर पुलिस थाने के निरीक्षक आरएम खिलारे ने बताया कि ये घटना शनिवार दोपहर करीब एक बजे हुई। 52 के अधेड़ और 19 साल के आरोपी के बीच थूकने को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद ये वारदात घटी। पुलिस ने आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की तरफ से मिली जानकारी




के मुताबिक आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ित विजय पटवा को धक्का दिया और लात मारी। आरएम खिलारे ने बताया कि, पीड़ित बेहोश हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया है। 52 साल के शख्स की हत्या के बाद उसके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

बता दें कि ठाणे में अपराध की वारदातें लगातार बढ़ी हैं। बीते शुक्रवार यानी 9 दिसंबर 2022 को ठाणे शहर में हत्या की एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया था। यहां पांच लोगों ने चाकू और सरिया से हमला कर एक युवक को बेरहमी से मार डाला था।

# मुंबई 1992 दंगा: पुलिस ने 18 साल बाद डिंडोशी से फरार संदिग्ध को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** डिंडोशी पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर 1992 के मुंबई दंगों में शामिल था, जिसकी वर्षों से तलाश की जा रही थी। दिसंबर 1992 में, मुंबई में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे थे, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हुए थे। कथित तौर पर शहर के कई इलाकों में दंगे भड़क उठे थे, जहां मानव जीवन के नुकसान के अलावा निजी और सरकारी संपत्ति के नुकसान की भी सूचना मिली थी। पुलिस ने कहा कि तबरेज खान उर्फ मंसूरी (47) के रूप में पहचाने गए व्यक्ति की 2004 से तलाश की जा



रही थी, जब सत्र अदालत ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, 1992 में दंगों के दौरान नौ लोगों पर आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें दंगा भी शामिल था और मामले में एक सत्र अदालत के समक्ष आरोप पत्र भी दायर किया गया था। नौ आरोपियों में से दो लोगों को इस मामले में बरी कर दिया गया था और एक संदिग्ध की मौत हो गई थी। ''आरोपी अदालत में पेश होने में विफल रहा था और वर्ष 2004 में अदालत ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। पुलिस तभी से उसकी तलाश कर रही थी। हाल ही में पता चला है कि वह एक बदली हुई पहचान के साथ रह रहा था।'' ''एक अधिकारी ने कहा। पुलिस ने कहा, सूत्रों से मिली जानकारी पर काम करने और तकनीकी सुराग का अध्ययन करने के बाद, पुलिस इंस्पेक्टर धनंजय कावड़े और पीएसआई नितिन सावने के नेतृत्व में एक टीम ने उसे मलाड इलाके में ढूंढ लिया और शनिवार को उसे डिंडोशी बस डिपो इलाके के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

# पीएम मोदी ने 'महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग' के पहले चरण का किया उद्घाटन...

**महाराष्ट्र :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग के पहले चरण का उद्घाटन किया। ये एक्सप्रेसवे 520 किलोमीटर लंबा होगा जो नागपुर और शिरडी को जोड़ेगा। हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग करीब 55,000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है, जो नागपुर और मुंबई को जोड़ता है। ये एक्सप्रेसवे भारत के सबसे लंबे एक्सप्रेसवे में से एक है, जो महाराष्ट्र के 10 जिलों और अमरावती, औरंगाबाद और नासिक के प्रमुख शहरी क्षेत्रों से होकर गुजरता है।




**520 KM लंबा एक्सप्रेसवे नागपुर और शिर्डी को जोड़ेगा**

### छठी वंदे भारत एक्सप्रेस को भी दिखाई हरी झंडी

इससे पहले आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नागपुर और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के बीच चलने वाली छठी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद पीएम मोदी ने ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। पीएम मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाने वाली यह छठी वंदे भारत एक्सप्रेस है। प्रधानमंत्री इससे पहले नागपुर पहुंचे, जहां केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया।

### पीएम ने नागपुर मेट्रो रेल परियोजना का भी किया उद्घाटन...

**इससे पहले आज, प्रधानमंत्री ने नागपुर मेट्रो रेल परियोजना के पहले चरण का उद्घाटन किया और फ्रीडम पार्क से खपरी तक मेट्रो की सवारी करने के लिए एक टिकट खरीदा। पीएम मोदी ने 6700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित होने वाली रेल परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखी। फ्रीडम पार्क से खपरी तक की अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री को छात्रों और स्टार्ट-अप क्षेत्र के लोगों और जीवन के अन्य क्षेत्रों के नागरिकों के साथ बातचीत करते हुए भी देखा गया।**



**शुभ पाणिग्रहण संस्कार दिनांक 11-12-2022 को वाराणसी**
**हृदयांश संकेत विजय प्रताप शर्मा, हृदय कर्णिका श्वेता..**

आर्किटेक्ट संकेत की शादी में आपने अपने बहुमूल्य समय में से समय निकालकर जो हमारे यहां आपका आगमन हुआ है, मैं आपके आगमन एवं नवयुगल को शुभ आशीर्वाद के प्रति अपना हृदय से आभार और कृतज्ञता व्यक्त करता हूं साथ ही साथ मैं भविष्य में भी यही उम्मीद करता हूं कि आपका सहयोग और साथ निरंतर हमारे साथ बना रहें ।

आपका बहुत-बहुत आभार एवं बहुत-बहुत धन्यवाद ।

विजय प्रताप शर्मा (सविता) बनारस

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
कदम कदम पर
RNI No.:MAHHIN/2014/55126
संरक्षक
जे.पी.शर्मा
संपादक
छोटेलाल शर्मा
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
अनिल शर्मा
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
श्रीमती कंचन यादव
(फैजाबाद, यू.पी.)
हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)
राजन शर्मा (उप संपादक)
आर्थिक सलाहकार
सतीशचंद्र गुप्ता
पंकज (बबलू) यादव
प्रतिनिधि
अवनीश कुमार मिश्र
(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)
सौरभ उमेशप्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा
साज सज्जा :
संतोष तिवारी
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
एड. बी. एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# एक सोच, एक राह:- 'मैं' नहीं, हम बनिये

## अरुणिमा मिश्रा,सचिव, आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर छत्तीसगढ़

आत्म विकास या कहे कि आत्म मोक्ष का स्तर आध्यात्मिक रूप से भी मनोवैज्ञानिक रूप से भी मानव जीवन का श्रेष्ठतम व एकमात्र लक्ष्य माना जाता रहा है' इसके लिए एक इंसान अलग-अलग तरह से अलग-अलग उपाय भी करता रहता है'

समकालीन परिस्थितियों में मनोविज्ञान ने व्यक्ति को एक मंत्र दिया 'मैं'। इसमें कहा गया कि 'मैं' (अपने बारे में) के विषय में सोचो, जो 'मैं' करना चाहूँ वो करूँ, जिसमें मुझे (मैं) को खुशी मिले वो करो आदि-आदि। ऐसा कहा गया कि अगर व्यक्ति अपने आप को खुश रखेगा तो उसके आस-पास की दुनिया खुशनुमा बन जायेगी।

लोगों ने खुश रहने और अपने आस-पास की दुनिया को खुशनुमा बनाने के लिए इस विचार का, इस सोच का अनुकरण करना शुरू कर दिया। एक बार को लगा कि हमारा समाज सच में विकास के मोक्ष के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा। पर ये क्या ? ऐसा नहीं हुआ। 'मैं' को जीते-जीते लोग हम को 'भूल' गए। लोग खुद पर और खुद ही पर इतना अधिक विश्वास कर जीने लगे कि उन्होंने दूसरों की आवश्यकता को, उनके होने को ही नकार दिया।

हर व्यक्ति के अपने दायरे बन गए। इन दायरों में सबसे पहले बाहर हुए पास-पड़ोस के लोग, फिर परिवार के निकट रिश्तेदार और अब एक ऐसा समय आ गया हैं जब



अपने सगे भाई-बहन भी इस दायरे से बाहर जा रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में व्यक्ति सामाजिक रूप से अकेला हो गया है। ये एकाकीपन 'मैं' को भरपूर जीने का उपहार है। जिसके साथ डिप्रेशन मुफ्त मिलता है।

भारतीय मनोवैज्ञानिक संस्थान के नवीन शोध बताते हैं कि प्रत्येक 100 में से एक व्यक्ति किसी न किसी रूप में डिप्रेशन का शिकार है। इससे बाहर आने के लिए वो खुद को खुश रखने के लिए 'मैं' पर ही काम करता है और एक चक्रव्यूह में फँस जाता है। ये किसी एक इंसान की बात नहीं है वरन दुनिया का हर आदमी आज 'मैं' और खुशी के जाल में फँसा है।

सामाजिक समरसता को जैसे सब भूल ही गए हैं। एक धारणा सी बन गई है कि समाज में दुःख है। चाहे वो समाज परिवार का हो या परिवार से बाहर। इसलिए 'मेरी खुशी', 'मेरा अधिकार', 'मेरा घर', सब कुछ 'मैं'। इस मैं को सलामत रखने के लिए अगर झूठ कहना पड़े तो ठीक है, अपनी बातों से मुकरना पड़े तो ठीक है, कोई दूसरा इंसान परेशान हो जाए तो कोई बात नहीं, मतलब सारी नैतिकताओं को किनारे पर लगा दिया जाता है।

कोई इंसानियत, कोई रिश्ता, कोई विश्वास महत्व नहीं रखता। महत्व है तो बस 'मैं' रहना चाहिए। यहाँ विचारणीय है कि यदि 'मैं' को 'हम' से अलग करके जीते रहे तो कोई विकास या मोक्ष नहीं मिलेगा बल्कि इंसान 'कुंठित' होकर रह जाएगा।

अतः प्रयास कीजिए, विश्वास करना सीखिए जिससे कि आप जुड़ कर रह सकें। 'मैं' नहीं हम बनिए।

याद रहे जीवन एक कण नहीं है बल्कि कणों का समूह है। पंच तत्वों के समन्वय से मनुष्य बना है। उसका विकास भी समन्वयता में निहित है।

# लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म!

**मुंबई :** मध्य रेलवे का लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई के सबसे भीड़-भाड़वाले रेल टर्मिनसों में से एक है। यहां से अधिकतर ट्रेनें उत्तर भारत के लिए चलती हैं, परंतु यात्री संख्या के हिसाब से पर्याप्त ट्रेनों का परिचालन न होने के कारण यहां पर हमेशा भीड़ का मचमच रहता है। लेकिन आगामी दो वर्ष में यहां की मचमच लगभग कम हो जाएगी। दरअसल, मध्य रेलवे यहां पर दो अतिरिक्त प्लेटफॉर्म बनाने जा रहा है। इन दो प्लेटफॉर्मों के बन जाने से यूपी के लिए




अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन संभव हो जाएगा। इसी के साथ एलटीटी में प्लेटफॉर्मों की संख्या बढ़कर अब ७ हो जाएगी।

मध्य रेलवे के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी ए. के. सिंह ने बताया कि नए प्लेटफॉर्म का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। ये दिसंबर २०२३ तक तैयार हो जाएंगे। इन प्लेटफॉर्म के निर्माण में २० करोड़ रुपए खर्च होंगे। कुर्ला से कल्याण तक ५वीं ६ठी लाइन शुरू होने से लंबी दूरी की ट्रेनों को स्वतंत्र मार्ग मिलेगा। अब एलटीटी पर लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए इंतजाम बढ़ाने से यात्रियों को और आसानी होगी।

# शिवकुमार वर्मा का दुखद निधन

*शनिवार दिसंबर 10, 2022 को रात लगभग 1 बजे वृद्धावस्था सामाजिक कार्यकर्ता श्री शिवकुमार वर्मा का दुखद निधन हो गया। दिसंबर 11, 2022 को सुबह 11 बजे बक्सर गंगा के घाट पर पंचतत्व में विलीन हो गए। आपका प्रारंभिक कर्म क्षेत्र घाटकोपर मुंबई रहा, 50 वर्षों तक मुंबई में आपने शिवा नाम की छाप छोड़ी। रंगमंच का दूसरा गंतव्य जिला रायबरेली का हैबतपुर गांव रहा। विगत कई वर्षों से सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में शिवकुमार वर्मा का अहम योगदान रहा। आप अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।*



# एटीएम मशीन में एटीएम कार्ड को अटकाने का काम कर रहा था एक गिरोह...

**काशीमीरा :** अगर भविष्य में पैसे ट्रांजेक्शन के दौरान एटीएम मशीन में कभी भी आपका कार्ड अटक जाए, तो अगर संभव हो तो कार्ड को बिना वापस लिए एटीएम सेंटर से बाहर ना जाएं। दरअसल, एटीएम फ्रॉड करने वाले गिरोह ने एटीएम कार्ड क्लोनिंग कर लोगों को ठगने के लिए एक नया तरीका अपनाना है। मुंबई के काशीमीरा पुलिस ने शनिवार को काशीमीरा पुलिस थाना क्षेत्र के एसबीआई की एटीएम मशीन में डाली गई कार्ड के अंदर एटीएम के आकार की बहुत पतली प्लेट लगाने का प्रयास कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

काशीमीरा पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि कस्तूरबा मार्ग पर पुलिस सब-इंस्पेक्टर, शेल्के को एटीएम सेंटर के सामने खड़ा किया गया। एटीएम के पास मौजूद तीन लोगों की गतिविधि को देखकर सब- इंस्पेक्टर को शक हुआ, इस दौरान वे भागने लगे, शेल्के ने कुछ अन्य लोगों का पीछा किया और उनमें से एक को पकड़ लिया, जबकि उसके दो अन्य साथी भागने में सफल रहे।



# मौलिक अधिकार पार्टी केंद्र एवं राज्य इकाई मीटिंग 15 दिसंबर 2022 को कार्यालय फैजाबाद में

मौलिक अधिकार पार्टी की केंद्रीय कार्यकारिणी के निदेर्शानुसार 15 दिसंबर 2022 को फैजाबाद रायबरेली बाईपास के पास कार्यालय में राज्य इकाई की मासिक गोष्ठी होना निश्चित है जिसमें सभी केंद्र राज्य शाखा समिति मंडल अंचल जिला तहसील ब्लॉक नगर के पदाधिकारियों को प्राथमिक सदस्यता की जो रसीदें उपलब्ध कराई गई है उसे 15 दिसंबर 22 को राज्य की मीटिंग में 25 सदस्य बनाने के बाद रुपया 400 प्रति रसीद बुक जमा करना अनिवार्य है। यदि रसीद नहीं कटी है फिर भी 25 सदस्यों के शुल्क को 14 दिसंबर 2022 तक पार्टी के खाते में भेज दिया जाए और रसीद काटकर जनवरी माह 2023की मीटिंग में केंद्रीय कार्यालय को भेज दी जाए साथ ही साथ व्हाट्सएप ग्रुप से कई बार निर्देश भेजा गया है कि केंद्र राज्य शाखा समिति 1000 रुपए, अंचल मंडल जिला महानगर 500 तहसील ब्लाक ,विधानसभा,नगर 300 कार्यकर्ता 150 पार्टी के खाते में 15 दिसंबर 2022 तक जमा कर निर्देश का पालन करते हुए अपना नवीनीकरण करा ले। जिससे आपका परिचय पत्र 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक का बनाकर समय से भेजा जा सके। अपने निजी आवश्यक कार्य की भांति इसे प्राथमिकता दें। धन्यवाद। राम बहादुर शर्मा प्रदेश महासचिव मौलिक अधिकार पार्टी उत्तर प्रदेश



गीता जयंती पर आधार जेष्ठ नागरिक संघ वैजापूर के कार्यक्रम पूर्व भगवान का पूजन करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार khandalkar,



राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना
महाराष्ट्र प्रदेश

महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय :- मु.पो. खंडाळा, ता. वैजापूर, जि. औरंगाबाद (महाराष्ट्र) - 431115. मो. 7875099511

रजि. नं. :- 499/2017

नियुक्तीपत्र

सैन समाज और सामाजिक हितार्थ किये जाने वाले कार्यों के प्रति आपकी लगन, निष्ठा और समर्पण की भावना को देखते हुए श्री नारायणी सेना ने श्री/श्रीमती~ **किशोरजी तंवर** महाराष्ट्र को **प्रदेश प्रवक्ता** पद पर नियुक्त किया जाता है

समाज के सामाजिक/आर्थिक/शैक्षणिक और व्यवसायिक विकास के लिए निरन्तर प्रयास करते रहेंगे तथा अपने अनुभव और उर्जा से समाज के अन्य बन्धुओं को भी सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

श्री. सुनिलजी गहलोत, राष्ट्रीय अध्यक्ष — श्री. गोपाल जायलवाल, राष्ट्रीय सचिव — श्री हर्षल पवार, प्रधान महासचिव — श्री. विक्रम सेन धुवारीयाँ, महाराष्ट्र प्रभारी

श्री. प्रशांत दिनोदे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश — श्री. गोपाल लिलडे, सचिव महाराष्ट्र प्रदेश — श्री. अशोक लालचंद पवार, अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश

राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना
महाराष्ट्र प्रदेश

राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के महाराष्ट्र प्रदेश में एक बहुत ही उम्दा पद एकमात्र पद प्रदेश प्रवक्ता इस पद के लिए रास्ट्रीय कोर कमेटी व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुनीलजी गेहलोत व रास्ट्रीय महासचिव श्री जितेंद्रजी सेन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष श्री अशोकजी पवार व प्रदेश प्रभारी विक्रमजी धुवारिया के सहमती से श्रीमान किशोर जी तवर को 'महाराष्ट्र प्रदेष प्रवक्ता' पद पर नियुक्त किया जाता है आप के हाथों महाराष्ट्र में सेना का विस्तार व अच्छे कार्य की अपेक्षा के साथ पूरे प्रेदश व रास्ट्रीय पदाधिकारी की और से हार्दिक शुभकामनाएं...
महाराष्ट्र प्रदेश महासचिव

# कांग्रेस की बाइक रैली को नहीं मिली इजाजत

## पुलिस ने पूछा 'पहले बताओ नारा क्या लगाओगे', पार्टी का दावा



**महाराष्ट्र :** कांग्रेस नेता संजय निरुपम के मुताबिक बीते 14 नवंबर को उत्तर पश्चिम मतदान क्षेत्र में एक बाइक रैली निकालना चाहते थे. इसके लिए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लेटर लिखा था और इजाजत मांगी थी. उन्हें इजाजत नहीं मिली, लेकिन रैली निकालने से पहले ही पुलिस के लोग उनके घर पर पहुंच गए और उन्हें पुलिस स्टेशन ले जाने के लिए जबरदस्ती करने लगे. इसकी शिकायत उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से की है. इसका जवाब नहीं आने के बाद संजय निरुपम ने 4 दिसंबर को फिर से एक रैली के लिए मुंबई पुलिस को लेटर लिखा. इसके जवाब में उनसे कहा गया है कि पहले आप अपनी रैली का नारा बताइए, उसके बाद ही इजाजत देने पर विचार किया जाएगा. परमिशन ना देने की वजह यह भी बताई गई कि संजय जिस क्षेत्र में रैली निकालना चाहते थे वहां पर मेट्रो का काम चल रहा है. उसकी वजह से भी परमिशन नहीं दिया जा रहा है.

**संजय निरुपम ने कहा- ये लोकतंत्र की हत्या है**

संजय निरुपम के मुताबिक उनके राजनीतिक करियर में यह पहली बार है जब इस तरह से उन्हें किसी भी तरह की रैली की परमिशन के लिए मुंबई पुलिस बेतुकी वजह बता रही है. यह लोकतंत्र की हत्या है और मुंबई पुलिस पूरी तरह से शिंदे सरकार के कहने पर इस तरह के कदम उठा रही है.

**जनता तक पहुंचना चाहते थे निरुपम**

संजय निरुपम का आरोप है कि वो मुंबई के उत्तर पश्चिम मतदान क्षेत्र में जो शिवसेना सांसद गजानन कीर्तिकर का संसदीय क्षेत्र है. जो अब उद्धव ठाकरे की शिवसेना को छोड़कर शिंदे गुट के साथ शामिल हो गए हैं. बीते सालों में गजानन कीर्तिकर ने अपने क्षेत्र में क्या काम किया है. उसी के चलते इस मतदान क्षेत्र में जनता तक पहुंचना चाहते हैं जिसके लिए वह मुंबई पुलिस से इजाजत मांग रहे हैं. लेकिन तमाम तरह के बहाने बताकर मुंबई पुलिस कांग्रेस की बाइक रैली की परमिशन नहीं दे रही है.

## कर्नाटक के गडग में महाराष्ट्र रजिस्ट्रेशन वाले ट्रक पर काला पेंट छिड़का गया ...




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र जा रहे एक ट्रक को कन्नड़ कार्यकर्ताओं ने गडग में महात्मा गांधी के पास रोका और उस पर काला पेंट छिड़क दिया. कर्नाटक रक्षणा वेदिके (केआरवी) के सदस्य सीमा विवाद में महाराष्ट्र सरकार के दृष्टिकोण का विरोध कर रहे थे। उन्होंने रास्ता भी जाम कर दिया। जब उन्होंने महाराष्ट्र के रजिस्ट्रेशन वाला एक ट्रक देखा तो उसे रोक लिया और उस पर चढ़ गए। कुछ कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित महाराष्ट्र के नेताओं का पुतला फूंका। हालांकि, पुलिस मौके पर पहुंच गई और कार्यकताओं को ट्रक से नीचे उतरने को कहा। एक कार्यकर्ता ड्राइवर के पास आया और ट्रक पर काला पेंट छिड़क दिया। बाद में पुलिस ने वाहन को मौके से हटाने में मदद की।

# मोतीपुर के पावन भूमि पर तारकेश्वर ठाकुर एवं मोहन कुमार ठाकुर जी का होगा स्वागत एवं अभिनंदन

दिनांक 11 दिसंबर 2022( रविवार) को जिला नाई विकास संघ मुजफ्फरपुर के प्रखंड इकाई मोतीपुर में एक बैठक का आयोजन संगठन के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 20 दिसंबर 2022 (मंगलवार) को बिहार के धरोहर लोक, कलाकार, पद्मश्री भिखारी ठाकुर जी का सप्ताहिक जयंती समारोह का आयोजन मोतीपुर में बड़े पैमाने पर कि जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए नाई समाज के वरिष्ठ नेता लालमोहन ठाकुर(शिक्षक) ने बताया कि महान पुरुष के जयंती समारोह के शुभ अवसर पर बिहार सरकार में अति पिछड़ा आयोग के नव मनोनीत सदस्य श्री




तारकेश्वर ठाकुर एवं ( joint sel tax commissioner) मोहन कुमार ठाकुर सहित नाई समाज के कई गणमान्य लोगों को स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

मौके पर वरिष्ठ नेता श्री राधा मोहन ठाकुर ने बताया कि जयंती समारोह में नाई समाज के सभी गणमान्य लोगों के साथ कई कलाकार को भी आमंत्रित किया जाएगा।

मौके पर मुख्य रूप से अवधेश ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, डॉक्टर गुड्डू ठाकुर, पप्पू ठाकुर, मनोज ठाकुर, अंशु कुमार, रामकृपाल ठाकुर, राम विनय ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, विश्वनाथ ठाकुर, गणेश ठाकुर, उमेश ठाकुर, राहुल ठाकुर, राजकुमार ठाकुर, रेखा ठाकुर, अरुण ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादक: छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com